2021

HINDI — GENERAL

Paper : DSE-B-2(1)

(Rashtriya Kavyadhara)

Full Marks : 65

The figures in the margin indicate full marks.

Candidates are required to give their answers in their own words as far as practicable.

1. निम्नलिखित वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 2×10

(क) 'कलम' और 'तलवार' किसके प्रतीक हैं?

(ख) मैथिलीशरण गुप्त की किन्हीं दो काव्य-कृतियों के नाम लिखिए।

(ग) 'एक भारतीय आत्मा' किस कवि को कहा जाता है? उनका जन्म-वर्ष बताइए।

(घ) ''नहीं मुझे संतोष नहीं / मिथ्या मेरा घोष नहीं'' — किस कविता की पंक्ति है तथा इसके कवि कौन हैं?

(ङ) 'वंदना के इन स्वरों में ____________,
'मत व्यर्थ पुकारें शूल-शूल ____________' पंक्तियों को पूरा कीजिए।

(च) 'हम अनिकेत' कविता में अनिकेत कौन है?

(छ) रामधारी सिंह 'दिनकर' के दो काव्य-संग्रहों के नाम लिखिए।

(ज) 'कवि कुछ ऐसी तान सुनाओ जिससे उथल-पुथल मच जाए' इस पंक्ति के कवि तथा कविता का नाम बताइए।

(झ) 'पाकर प्रथम प्रकाश जगत ने इसका ही अनुसरण किया' पंक्ति किस कविता की है तथा यहाँ किसके अनुसरण की बात की गयी है?

(ञ) 'असिधारा पथ के गामी' कविता के कवि कौन हैं तथा 'असिधारा' शब्द का अर्थ क्या है?

2. निम्नलिखित में से किन्हीं ***तीन*** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 10×3

(क) 'भारतवर्ष' कविता में कवि ने भारतवर्ष की किन विशेषताओं का उल्लेख किया है? स्पष्ट कीजिए।

(ख) 'युगावतार गांधी' कविता के आधार पर गांधीजी की चारित्रिक विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

(ग) 'विप्लव गायन' कविता में कवि क्या चाहते हैं? स्पष्ट कीजिए।

(घ) पठित कविताओं में से मैथिलीशरण गुप्त की कौन-सी कविता आपको अच्छी लगी और क्यों?

(ङ) 'सिंहासन खाली करो कि जनता आती है' कविता का मूल भाव स्पष्ट कीजिए।

3. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं ***तीन*** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 5×3

(क) 'किसान' कविता के आधार पर किसान की विशेषताओं पर संक्षिप्त प्रकाश डालिए।

(ख) 'अंध कक्ष में बैठ रचोगे ऊँचे मीठे गान' का आशय स्पष्ट कीजिए।

(ग) 'कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती'—कविता में कवि क्या संदेश देते हैं? स्पष्ट कीजिए।

(घ) 'शशि सूर्य हैं फिर भी उनमें नहीं आलोक हैं,'—का भाव स्पष्ट कीजिए।

(ङ) 'मातृभूमि' कविता में मातृभूमि का वेश कैसा है? स्पष्ट कीजिए।